FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

सराहनीय कार्य दिनाँक 31-08-2023 थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद।

थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या करने वाले अभियुक्त को मय आलाकत्ल सहित किया गिरफ्तार ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के द्वारा जघन्य/संगीन अपराधों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में थाना जसराना पुलिस द्वारा दिनांक 27.07.2023 को पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या करने वाले वाँछित अभियुक्त संजीव उर्फ संजू को दिनांक 31.08.2023 को पचवा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है अभियुक्त के कब्जे से आलाकत्ल एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय दो जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है। पूर्व प्रधान की हत्या के सम्बन्ध मे थाना जसराना पर मु0अ0सं0 466/23 धारा 147/148/149/302 भादवि0 पंजीकृत है जिसमें अभियुक्तगण 1. अजय कुमार पुत्र श्री फूलन सिंह निवासी विलासपुर थाना जसराना, जिला फिरोजाबाद 2. जितेन्द्र सिह पुत्र रवेन्द्र सिंह निवासी विलासपुर थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद को दिनांक 20.08.2023 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अभियुक्त संजू उर्फ संजीव पुत्र मलिखान निवासी नगला नदिया से बरामद अवैध तमंजे (आलाकत्ल) के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 568/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. संजीव उर्फ संजू पुत्र मलिखान सिंह निवासी नगला नदिया थाना जसराना जिला फिरोजाबाद।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त संजीव उर्फ संजू -

1. मु0अ0स0 23/19 धारा 307/323/504 भादवि थाना जसराना फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 0256/2020 धारा 147/148/149/323/504 भादवि थाना जसराना फिरोजाबाद।
3. मु0अ0स0 0318/2021 धारा 504/506 भादवि थाना जसराना फिरोजाबाद।
4. मु0अ0सं0 466/2023 धारा 147/148/149/302 भादवि थाना जसराना फिरोजाबाद ।
5. मु0अ0सं0 568/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जसराना फिरोजाबाद ।

बरामद आलाकत्ल-

1. **अदद तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस (आलाकत्ल)।**
2. **घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल ।**

गिरफ्तार/बरामदगी करने वाले अधिकारी/कर्म0गण-

1. थानाध्यक्ष महेश सिंह थाना जसराना फिरोजाबाद ।
2. व0उ0नि0 जयचन्द्र बाबू शर्मा थाना जसराना फिरोजाबाद।
3. मु0आरक्षी 02 सहदेव सिंह थाना जसराना फिरोजाबाद ।
4. आरक्षी 844 रोहित सिद्धु थाना जसराना फिरोजाबाद।
5. आरक्षी 342 अंकित मलिक थाना जसराना फिरोजाबाद।
6. आरक्षी 574 रोहित कुण्डू थाना जसराना फिरोजाबाद।